डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)

Email –arexamination12@gmail.com Fax &Phone-07582.264300

www.dhsgsu.ac.in

क्रमांक / परीक्षा / 2019 / 5131 19 जुलाई 2019

/ / अधिसूचना / /

डॉ0 हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से संबद्ध ज्ञानवीर महाविद्यालय में संचालित बी.एड. (पार्ट टाईम) में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों की परीक्षा सत्र 2018–19 **(बैच 2018–21) प्रथम सेमेस्टर** के पात्रतानुसार **परीक्षा 2018 हेतु आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन (MP-Online) के पोर्टल www.mponline.gov.in के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है।**

छात्र ऑनलाईन परीक्षाफार्म भरने के लिये निम्न जानकारी साथ में रखें–
1. विश्वविद्यालय का नामांकन क्रमांक 2. जन्म तिथि का प्रमाण

ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिये प्रक्रिया एवं तिथियॉ निम्नानुसार होंगीः–

क्रं.	सेमेस्टर	समस्त प्रक्रिया	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि	ऑनलाईन आवेदन पत्र को महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि
1.	**बी.एड. (पार्ट–टाईम) प्रथम सेमेस्टर बैच (2018–21)**	संबंधित छात्र एमपी ऑनलाईन के पोर्टल पर अपने अनुक्रमांक नामांकन संख्या तथा जन्मतिथि के माध्यम से अपना परीक्षा फार्म भरेंगे। छात्रों द्वारा आवेदन पत्र भरने एवं निर्धारित फीस के भुगतान करने के उपरांत आवेदन पत्र का प्रिंट लेकर पूर्व की समस्त अंकसूचियों की छायाप्रति संलग्न कर अपने महाविद्यालय में जमा करनी होगी। अंकसूची के अभाव में प्रवेशपत्र की छायाप्रति संलग्न की जाये। छात्रों द्वारा उक्त दस्वावेज जमा करने के उपरांत ही **प्रवेशपत्र** जारी किया जायेगा। इसकी समस्त जानकारी छात्रों को मोबाईल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से भी दी जावेगी।	23.07.2019	01.08.2019

Contd. 2

परीक्षा विलंब शुल्क रू 750/– के साथा दिनांक **05/08/2019** तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते हैं। इसके बाद कोई ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे।

1. परीक्षार्थी द्वारा महाविद्यालयों में जमा किये गये आवेदन पत्र को विश्वविद्यालय में प्रेषित/जमा करने की अंतिम तिथि **08.08.2019** है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे और किसी भी स्थिति के लिये महाविद्यालय स्वंय जिम्मेदार रहेंगे।
2. उक्त परीक्षाओं के लिये विद्यार्थियों को आनलाईन प्रवेशपत्र डाउनलोड करने होंगे।
3. महाविद्यालय "परीक्षार्थी के हस्ताक्षर पत्रक (सिग्नेचर शीट)" को एमपी ऑनलाईन के पोर्टल से डाउनलोड कर प्रिंट करना होगा और संबंधित परीक्षा केन्द्र को प्रेषित करना होगा।
4. महाविद्यालय के प्राचार्य निर्धारित अंतिम तिथियों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।
5. महाविद्यालय म0प्र0 राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।
6. किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये परीक्षा हेल्प लाइन नम्बर 07582, 264300 पर संपर्क किया जा सकता हैं
7. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ पिछली कक्षा की अंकसूचियों प्राचार्य द्वारा सत्यापित संलग्न करना अनिवार्य है उनके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।
8. संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण के समय यह सुनिश्चित कर लें कि सत्र 2017–18 की शैक्षणिक गतिविधियॉ राज्यशासन/एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण के अभाव में विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
9. किसी प्रकार की त्रुटि/दस्तावेजों या समय सीमा में आवेदन विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं होते तो इसके लिए संबंधित महाविद्यलाय के प्राचार्य स्वयं जिम्मेवार होगें।

आदेशानुसार,

19/07/2019

प्रभारी सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त प्राचार्य, संबद्ध महाविद्यालय, डॉ0 हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर– इस आशय के साथ कि अपने महाविद्यालय के छात्रों को सूचना पटल एवं अन्य माध्यम से अवगत कराकर परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवायें।
2. केन्द्रध्यक्ष, सभी परीक्षा केन्द्र, डॉ0 हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर।
3. समस्त नोडल सेंटर।
4. कुलपति के सचिव माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
5. कुलसचिव के निजी सहायक कुलसचिव को सूचनार्थ।
6. मुख्य समन्वयक, रिजल्ट सेल व मूल्यांकन/पुर्नमूल्यांकन।
7. सहायक कुलसचिव (सामान्य/गोपनीय)
8. कक्षा सहायक, परीक्षा शाखा, डॉ0 हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर।
9. C.O.O. MP Online. को सूचनार्थ।
10. अनुभाग अधिकारी, (सामान्य/गोपनीय)
11. रिजल्ट सेल प्रभारी (इरपू)
12. मीडिया अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
13. वेब सेल – वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
14. नस्ति।

अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)